प्रेस-विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक संख्या 1928 एस०एफ०सी०एम० सैल, लखनऊ दिनांकित 28-02-2026 के अनुपालन में मुजफ्फरगनर में रिक्त तीन पदों पर परामर्शदाता की नियुक्ति के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किये जाने है। जिसके संबंध में शासनादेश संख्या 102/VII/ न्याय-2-2015-728/86 न्याय अनुभाग-02 अधीनस्थ न्यायालय, लखनऊ दिनांकित.18.06.2015.के द्वारा निम्न अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से संलग्न प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं-

1. आवेदक समाजशास्त्र में स्नातक की डिग्री रखता हो और समाजसेवा का अनुभवी हो जो आवेदक समाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो उसे वरीयता दी जायेगी।

2. आवेदक की आयु आवेदन पत्र प्रस्तु करने की दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य हो

3. परामर्शदाता दाता का कार्यकाल 3 (तीन) वर्ष का होगा

4. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

5. नियुक्ति परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रूपये 1000/– (एक हजार) प्रति कार्य दिवस अथवा रूपये 24,000/- प्रति माह जो भी कम हो, का मानदेय देय होगा।

जो पुरुष अथवा महिला इस पद पर नियुक्त होने के इच्छुक हो वे अपना आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की छाया प्रति सहित दिनांक 23.03.2026. तक कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मुजफ्फरगनर में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते हैं।

Sd

खलीकुज़्ज़मा
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायलय मुजफ्फरगनर।

दिनांक -13-03-2026

प्रतिलिपि-

1. प्रभारी अधिकारी (नजारत), जनपद न्यायालय मुजफ्फरगनर से को इस आशय से प्रेषित की वह उक्त आदेश की प्रति न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन, जनपद न्यायालय मुजफ्फरगनर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चिक करें।
2. जिला सूचना अधिकारी, मुजफ्फरगनर को स्थानीय समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशन हेतू
3. सिस्टम अधिकारी, कम्पयूटर अधिकारी जनपद न्यायालय, मुजफ्फरगनर से इस आशय से प्रेषित हो की वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद न्यायालय, मुजफ्फरगनर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

13.3.2026

खलीकुज़्ज़मा
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायलय मुजफ्फरगनर।

परिवार न्यायालय, मुजफ्फरगनर में परामर्शदाता पद के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप।

1. पद का नाम..
2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में)..
(अंग्रेजी में)..
3. पिता / पति का नाम (हिन्दी में)..
(अंग्रेजी में)..
4. स्थायी आवासीय पता ....
....
5. पत्राचार हेतु पता..
....
6. जन्मतिथ...
7. दिनांक 01-03-2026 को अभ्यर्थी की आयु............ वर्ष ....माह............दिन (जन्मतिथि के लि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हाईस्कूल या समकक्ष परीका के प्रमाण-पत्र की प्रामाणित फोटोप्रति संलग्न करें।)
8. शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण पत्रों तथा अंक तालिकाओं की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

शैक्षिक योग्यता का विवरण-

क्रम सं०	परीक्षा/डिग्री	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	वर्ष	टिप्पणी

9. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोी आपराधिक वाद लम्बित है अथवा उसे किसी आपरधिक वाद में दण्डित किया गया है। (यदि हो तो उसका उल्लेख करें।)..
....
नोट- यह आवेदन पत्र में अंकित किया जाना आबश्यक है।
10. अनुभव यदि कोई है तो..

घोषणा पत्र

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण / सूचनाएं सत्य हैं और मेरे द्वारा कोई तथ्य नहीं छिपाया गया है। यदि कोई विवरण सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य छिपाया जाना पया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाए। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरांत ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी नियुक्ति समाप्त कर दी जाये।

दिनांक
संलग्नकों की संख्या-

अभ्यर्थी का नाम व हस्ताक्षर